**S-200** Roll No. …………………..

# CHBC–101

## आयुर्वेद एवं सौन्दर्य वर्णन

## Certificate in Herbal Beauty Care (CHBC-16/17)

## Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. वात, पित्त एवं कफ के भेदों का वर्णन करते हुए उनके संचय, प्रकोप एवं प्रशमन पर चर्चा कीजिए।
2. आयुर्वेदीय स्वस्थवृत्त से क्या तात्पर्य है ? इसको समझाते हुए ऋतुचर्या का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।
3. रस, वीर्य एवं विपाक का वर्णन कीजिए एवं रसों का दोषों पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

   (अ) दन्त धावन

   (ब) गुण

   (स) उद्वर्तन

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. क्षौरकर्म का वर्णन कीजिए।
2. सामाजिक एवं धार्मिक सद्वत्त के बारे में बताइए।
3. उपवास के महत्व को प्रकाशित कीजिए।
4. ऋतुओं के अनुसार दोषों का संचय, प्रक्रोप-प्रशमन को स्पष्ट कीजिए।
5. वर्षा एवं शरद ऋतु का सौन्दर्य के परिप्रेक्ष्य में वर्णन कीजिए।
6. मुख एवं वक्ष प्रसाधन का वर्णन कीजिए।
7. चंक्रमण एवं क्षौरकर्म पर प्रकाश डालिए।
8. देश, काल एवं औषध पर एक टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा $\left(\frac{1}{2}\right)$ अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही उत्तर दीजिए :

1. मज्जाक्षीण का कौन-सा लक्षण नहीं है ?

   (अ) दन्त का गिरना

(ब) अस्थियों का खोखलापन

(स) चक्कर आना

(द) आँखों के सामने अँधेरा होना

2. दन्धावन की लम्बाई होती है :

(अ) 10 अंगुल

(ब) 12 अंगुल

(स) 14 अंगुल

(द) 8 अंगुल

3. किस वायु के कुपित होने पर औषधि अन्न के प्रारम्भ में देनी चाहिए ?

(अ) प्राण

(ब) उदान

(स) अपान

(द) समान

4. स्नान के अयोग्य हैं :

(अ) अतिसार से पीड़ित

(ब) मुखरोग से पीड़ित

(स) आध्मान से पीड़ित

(द) उपर्युक्त सभी

5. आहार, निद्रा एवं ब्रह्मचर्य हैं :

(अ) त्रिगुण

(ब) त्रय-उपस्तम्भ

(स) त्रिदोष

(द) त्रिकाल

सत्य एवं असत्य बताइए। :

6. ऋतुएँ छः प्रकार की होती हैं। (सत्य/असत्य)
7. ओज का विशेष स्थान उदर है। (सत्य/असत्य)
8. हंसोदक का सम्बन्ध वर्षा ऋतु से है। (सत्य/असत्य)
9. माँस धातु से अस्थि धातु का निर्माण होता है। (सत्य/असत्य)
10. आनूप देश कफ प्रधान होता है। (सत्य/असत्य)